## न्यूज डायरी



### सनसनीखेज आरोप, इमरान सरकार ने बाथरूम में लगवाया था कैमरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज शरीफ ने आरोप लगाया है कि जेल में बंद रहने के दौरान प्रशासन ने उनके बाथरूम में भी कैमरा लगवाया था। उन्होंने कहा कि चौधरी चीनी मिल केस में पिछले साल जब उन्हें जेल में बंद किया गया था तो जेल के अंदर कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। जेल में उनके सेल के अंदर भी कैमरा लगा हुआ था। मरियम ने कहा कि मैं दो बार जेल गई और अगर एक महिला होने के नाते मैं किन–किन मुश्किलों से गुजरी, इस बारे में अगर मैं मुंह खोल दूं तो वे चेहरा दिखाने लायक नहीं रह जाएंगे। उन्होंने कहा, आज मैं दुनिया को यह नहीं बताना चाहती हूं कि मेरे साथ जेल के अंदर अन्याय हुआ। मरियम ने कहा कि प्रशासन के लोग उनके होटल के कमरे में घुस जाते हैं और नवाज शरीफ के सामने उनकी बेटी का अपहरण कर लेते हैं, ऐसे में पाकिस्तान में कोई महिला सुरक्षित नहीं है।

### चीनी एलईडी के बिना दीपावली होगी काली, ग्लोबल टाइम्स ने उड़ाया मजाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने दीपावली से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान का मजाक उड़ाया है। चीनी अखबार ने दावा किया कि प्रकाश पर्व दीपावली चीन के लाइट के बिना काली हो जाएगी। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि भारत अधिकारियों के आह्वान के बाद भी चीन के एलईडी लाइट की भारत में जोरदार डिमांड है और कई कंपनियों को ओवर टाइम करना पड़ रहा है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा, भारतीय अधिकारियों के एलईडी लाइट के स्थानीयकरण की अपील के बाद भी भारत के दीपावली त्योहार पर चीनी निर्यातक भारतीय उत्पादकों को गुणवत्ता, सर्विस और दाम के मामले में पीछे छोड़ रहे हैं। कई चीनी उत्पादकों को तो ओवरटाइम करना पड़ रहा है जबकि भारत के प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोगों से स्थानीय उत्पादों की मदद से दीपावली मनाने के लिए कहा था।

### तुर्की का ऐलान, करते रहेंगे रूस के एस–400 सिस्टम का इस्तेमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्तांबुल। तुर्की के रक्षा मंत्री ने एक बार फिर दोहराया है कि उनका देश अमेरिका के लगातार विरोध के बावजूद, रूस से खरीदी गई मिसाइल रक्षा प्रणाली के इस्तेमाल की योजना पर काम कर रहा है। रक्षा मंत्री हुलुसी आकार ने गुरुवार को संसदीय बजट आयोग को बताया कि सेना योजना के अनुसार ‘‘–400 मिसाइल प्रणाली को तैनात करने की तैयारी कर रही है। अमेरिका, उत्तर–अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य तुर्की द्वारा रूस की यह विमान–रोधी प्रणाली खरीदे जाने विरोध करता रहा है और तुर्की को एफ –35 लड़ाकू विमान कार्यक्रम से निकाल चुका है। अमेरिका का कहना है कि एस–400 प्रणाली रडार से बच निकलने में सक्षम लड़ाकू विमानों के लिये खतरा है और यह नाटो की प्रणालियों के अनूकूल नहीं है। तुर्की की समाचार एजेंसी अनादोलु ने आकार के हवाले से कहा कि तुर्की एस–400 को तैनात करने और एफ–35 लड़ाकू विमानों के मुद्दे पर अमेरिका से बात करने को तैयार है।

### पाकिस्तानी सुरक्षा संस्थाओं को निशाना बनाकर शरीफ ने किया सबसे बड़ा देशद्रोह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ पर आरोप लगाया है कि उन्होंने देश की सुरक्षा संस्थाओं को निशाना बनाकर सबसे बड़ा देशद्रोह किया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के 70 वर्षीय सर्वोच्च नेता शरीफ को 2017 में भ्रष्टाचार के आरोप में उच्चतम न्यायालय ने सत्ता से बेदखल कर दिया था। शरीफ ने पिछले महीने पहली बार सीधे तौर पर सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद का नाम लेकर उन पर खान की जीत सुनिश्चित करने के लिए 2018 के आम चुनाव में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया था।

# लद्दाख में चीन की दादागिरी के खिलाफ भारत के साथ अमेरिका

चिंतन

## भारत और अमेरिका के बीच बढ़ती इस दोस्ती से रूस की टेंशन बढ़ती जा रही है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मास्को/वॉशिंगटन। पूर्वी लद्दाख में भारतीय सरजमीं पर नजरें गड़ाए बैठे चीनी ड्रैगन के खिलाफ भारत और अमेरिका साथ आते दिख रहे हैं। चीन पर नकेल कसने के लिए भारत ने अमेरिका के साथ कई बेहद अहम रक्षा समझौतों को अंजाम दिया है। भारत और अमेरिका के बीच बढ़ती दोस्ती से रूस की टेंशन बढ़ती जा रही है। गुरुवार को रूस ने इशारों ही इशारों में चेतावनी दी कि लद्दाख तनाव का गलत इस्तेमाल अमेरिका अपने भू–राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कर सकता है।

भारत में रूस के उप मिशन प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने शुक्रवार को कहा, ‘यह स्पष्ट है कि वैश्विक उथल–पुथल और अनिश्चितता के बीच भारत और चीन के बीच तनाव बढ़ता है तो इसका असर हमारे साझा घर यूरेशिया क्षेत्र की स्थिरता पर पड़ेगा। इस गतिरोध का जिसे हम देख रहे हैं, उसका दुरुपयोग



अन्य ताकतों की ओर से अपने भू–राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।’ उन्होंने कहा, ‘हम मानते हैं कि हमारे दोनों मित्र एशियाई देशों को और अधिक सकारात्मक संवाद के लिए प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

: l vkj vefjdk nkuk gh c<r cukuk pkgr gS रोमन ने कहा कि उनका देश भारत और चीन के बीच तनाव से स्वाभाविक रूप से चिंतित है और दोनों ही एशियाई पड़ोसी देशों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है कि वे और ज्यादा रचनात्मक बातचीत में शामिल हों। दरअसल, पूर्वी लद्दाख में चल रहे तनाव के जरिए रूस और अमेरिका दोनों ही बढ़त बनाना चाहते हैं और इसकी वजह से दोनों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। रूस में पिछले दिनों हुई बातचीत के बाद भारत और चीन के बीच तनाव को कम करने पर आपसी सहमति बनी है।

रूसी विदेश मंत्री के हस्तक्षेप के बाद भी चीन अभी भी पूर्वी लद्दाख में पीछे हटने को तैयार होता नहीं दिख रहा है। भारत और चीन के हजारों सैनिक और घातक हथियार कड़ाके की ठंड के बाद भी पूर्वी लद्दाख में तैनात हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका चीन को सबक सिखाने के लिए भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर क्वॉड को मजबूत करने में जुट गया है। यही नहीं रूस के सबसे बड़े शस्त्र बाजार भारत को अमेरिका अत्याधुनिक हथियार दे रहा है।

**क्वॉड से रूस को सता रहा बड़ा डर:** अमेरिका के इस तरफा हमले से रूस की टेंशन बढ़ गई है। रूस को डर सता रहा है कि अगर भारत क्वॉड के जरिए अमेरिकी खेमे में गया तो उसकी मुसीबत काफी बढ़ जाएगी, वहीं अमेरिका का प्रभाव एशिया में काफी बढ़ जाएगा। यही नहीं भारत के बाजार से सफाया होने के बाद रूसी अर्थव्यवस्था भी संकट में आ जाएगी। इसी वजह से रूस शंघाई सहयोग संगठन और ब्रिक्स की बैठक के जरिए दोनों ही सदस्य देशों भारत और चीन के बीच तनाव को घटाने में जुट गया है।

## चीन के साथ मिलकर नया फाइटर जेट बना रहा पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत के दो धुर विरोधी देशों चीन और पाकिस्तान मिलकर एक और फाइटर जेट बनाने पर काम कर रहे हैं। पाकिस्तान और चीन का यह पाकिस्तान जेट पांचवीं पीढ़ी का होगा और अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा। दोनों देश पहले ही JF–17 नाम से चौथी पीढ़ी का लड़ाकू विमान बना रहे हैं। यही नहीं चीन अपने आयरन ब्रदर पाकिस्तान के लिए कई युद्धपोत और किलर सबमरीन भी बना रहा है।

जेन इन्फार्मेशन ग्रुप की रिपोर्ट के मुताबिक चीन और पाकिस्तान ने जेएफ–17 के नए संस्करण JF–17B थंडर का निर्माण शुरू कर दिया है। इस विमान को अप्रैल 2021 तक पाकिस्तानी एयरफोर्स में शामिल कर लिया जाएगा। चीन में पाकिस्तान के राजदूत मोइन उल हक ने कहा कि यह विमान पाकिस्तान और चीन के बीच दोस्ती और भागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा, अब दोनों ही देश अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान को बनाने पर काम कर रहे हैं।

पीओके पर कब्जा जमाए पाकिस्तान के राजदूत ने कहा कि हम संप्रभुता, आक्रमण नहीं करने और एक–दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने की नीति का पालन करते हैं। हम विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में भरोसा करते हैं।



### तुर्कमेनिस्तान के शासक ने बनवाई कुत्ते की सोने की मूर्ति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अश्गाबात। पशुओं की मूर्तियों को लेकर प्रेम भारत के नेताओं में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है। तुर्कमेनिस्तान के शासक ने अपने पसंदीदा कुत्ते की 50 फुट की सोने की मूर्ति बनवाई है। यह मूर्ति राजधानी अश्गाबात के नए नवेले इलाके के मध्य में बनाई गई है। वर्ष 2007 से राज कर रहे गुरबांगुली बेर्दयमुखमेदोव ने बुधवार को तुर्कमेन अलबी प्रजाति के इस कुत्ते की विशाल मूर्ति का अनावरण किया। गुरबांगुली बेर्दयमुखमेदोव कुत्ते की इस प्रजाति को लंबे समय से काफी पसंद करते हैं जो देश में ही पैदा होती है और इसे तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रीय पहचान का हिस्सा माना जाता है। गुरबांगुली ने कुत्ते की इस प्रजाति को समर्पित करके कई किताबें और कविताएं लिखी हैं।

## जो बाइडेन की जीत के 6 दिन बाद चीन ने दी बधाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग/वॉशिंगटन। अमेरिका से जारी तनाव के बीच चीन ने राष्ट्रपति चुनाव परिणाम के 6 दिन बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन को शानदार जीत पर बधाई दी है। चीन उन कुछ चुनिंदा देशों में शामिल है जिन्होंने इतने दिनों बाद जो बाइडेन को बधाई दी है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि उनका देश अमेरिका के लोगों की पसंद का सम्मान करता है।

वांग ने कहा, हम जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को बधाई देते हैं। हालांकि उन्होंने कहा, चीन अमेरिकी लोगों की पसंद का सम्मान करता है

यह भी कहा कि चुनाव के परिणामों की पुष्टि अमेरिकी कानूनों और प्रक्रिया के मुताबिक होगी। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन को जीत मिलने के बाद दुनियाभर से बधाई संदेश आए थे। हालांकि अब तक चीन ने ट्रंप के हार नहीं मानने को देखते हुए बाइडेन को बधाई नहीं दी थी।

**प्रधानमंत्री मोदी ने बाइडेन-हैरिस को दी बधाईः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों रिजल्ट आने के बाद बाइडेन के साथ अपनी फोटो साझा की और उन्हें शानदार जीत की बधाई दी। मोदी के ट्रंप के साथ भी अच्छे संबंध रहे हैं। पीएम मोदी ने कमला हैरिस को भी जीत की बधाई दी है। पीएम मोदी ने लिखा कि आपकी शानदार जीत के लिए शुभकामनाएं। बतौर उपराष्ट्रपति भारत–अमेरिका रिश्तों को लेकर दिया गया आपका योगदान सराहनीय रहा। मुझे एक बार फिर भारत–अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में आपके साथ काम करने में खुशी होगी।

**फ्रेंच राष्ट्रपति मैक्रों बोलें- मिलकर काम करेंगेः** फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने ट्वीट किया कि अमेरिकियों ने अपना राष्ट्रपति चुन लिया है। जो बाइडेन एवं कमला हैरिस को बधाई। हमें आधुनिक चुनौतियों से पार पाने के लिए बहुत कुछ करना है।

### दुनिया की तबाही का हथियार जुटा रहा चीन, गुप्त दस्तावेजों से बड़ा खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। दुनियाभर में शांति का राग अलापने वाला चीन पूरी पृथ्वी के विनाश का हथियार बनाने में जुट गया है। चीन अपनी परमाणु सेना को मजबूत बनाने के लिए बड़े पैमाने पर प्लूटोनियम और यूरेनियम के प्लांट का विस्तार कर रहा है। अमेरिका के गुप्ता दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि चीन की यह पूरी योजना बेहद सीक्रेट है और महाविनाशकारी है। चीन अपनी मिसाइलों और बॉम्बर्स में बड़े पैमाने पर परमाणु वॉरहेड लगाने की योजना पर काम कर रहा है। वॉशिंगटन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के परमाणु फोर्स पर पिछले महीने नाटो देशों को दिए गए इस अमेरिकी दस्तावेज में कहा गया है कि वर्ष 2010 के बाद से चीन के तीन संयंत्रों का बहुत तेजी से विस्तार किया गया है। प्लूटोनियम बनाने वाला जिक्वान एटामिक एनर्जी कॉम्प्लेक्स मात्र दो साल के अंदर अपने पहले के आकार में दोगुना हो गया है। यही नहीं इसमें पिछले साल एक और रिएक्टर बनाया गया है। वर्तमान समय में चीन के पास 200 परमाणु बम हैं और चीन अमेरिकी मिसाइलों के लिए बड़े पैमाने पर और ज्यादा परमाणु बम का निर्माण कर रहा है।